**SHRICON INDUSTRIES LIMITED**
**Corporate Identification Number**: L15100RJ1984PLC040606
**Registered Office**: 112B, First Floor, Shakti Nagar, Kota, Rajasthan-324009
Phone: +91 744 250 0092, 250 0492, 0692,
Website: www.shricon.in | Email: investor.shricon@gmail.com

Date: August 10, 2024

To,

**The Manager**
**Bombay Stock Exchange Limited**
Corporate Relationship Department
Phirozee Jeejeebhay Tower
Dalal Street, Fort,
Mumbai-400 001

**BSE Scrip Code**:508961

**Subject:** Newspaper Publication pertaining to Financial Results for the quarter ended 30th June, 2024.

Respected Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of newspaper advertisement published in English Newspaper "Urban Herald" & Hindi Newspaper "Chambal Sandesh" on 10th August, 2024 with respect to Financial Results for the quarter ended 30th June, 2024. The same has been made available on the Company's website (https://www.shricon.in/).

You are requested to kindly take the above information on record.

Thanking you,
**For Shricon Industries Limited**

Bhavika Sharma
Digitally signed by Bhavika Sharma
Date: 2024.08.10 18:56:22 +05'30'

**Bhavika Sharma**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**ACS: 48235**

**Enclosed: As above.**

## अपनी पाठशाला में मनाया आदिवासी दिवस

**संदेश न्यूज। कोटा.** अपनी पाठशाला में आदिवासी दिवस मनाया गया। न्यू रक्तदान महादान ग्रुप सेवा संस्थान के अध्यक्ष चेतन पाण्डेय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा संचालित अपनी पाठशाला में लोकगीत पर नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही पाठशाला में अध्ययन करने वाले समस्त बच्चे आदिवासी समुदाय से हैं। इस दौरान चेतन पाण्डेय, सोनिया पाण्डेय, नीता डांगी, भरत शर्मा, राजकुमार नागर एवं आर्यन जैन मौजूद रहे।

### न्यूज ब्रीफ

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आज

**संदेश न्यूज। कोटा.** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) आज शनिवार को जिले के स्कूल-कॉलेजों,मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों आदि में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में 1 से 19 साल तक के बच्चों, किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़ों का सफाया करने वाली एल्बेंडाजोल की दवा निशुल्क खिलाई जाएगी। इस आयोजन में संबंधित कई विभागों का सहयोग रहेगा। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी व डिप्टी सीएमएचओ प.क डॉ गोविन्द सिंघल ने ने बताया कि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण बच्चों व किशोर-किशोरियों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बोद्धिक विकास पर भी हानिकारक प्रभाव डालता है। कृमि संकमण से बचाव के लिये खुली जगह में शौच नहीं करें, खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ जरूर धोएं, फलों और सब्जियों को खाने से पहले पानी से अच्छी तरह धोएं, नाखून साफ व छोटे रखें, साफ पानी पीएं, खाना ढक कर रखें, नंगे पाँव बाहर ना खेलें, जूते-चप्पल पहनें।

## कांग्रेस ने अंग्रेजों भारत छोड़ो दिवस मनाया



**संदेश न्यूज। कोटा.** अंग्रेजो भारत छोड़ो दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को रामपुरा गांधी चौक में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेसजनों ने 10.15 बजे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वही पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने संबोधन में कहा कि आज ही के दिन 9 अगस्त 1942 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक दिन पूर्व 8 अगस्त को बॉम्बे में कांग्रेस समिति की मीटिंग में अहम फैसला कर देश को आजादी दिलाने के लिए 9 अगस्त को अंग्रेजो भारत छोड़ो, करो या मरो का नारा देकर आंदोलन का विगुल बजाया था। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता डॉ विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी में प्रमुख रूप से उपमहापौर शोनू कुरैशी, उपाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, हिमांशू शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा, प्रमोद त्रिपाठी, दिनेश खटीक, सीपी गुर्जर, विजय गुप्ता,मंजू चौधरी, सलीम खेड़ली, धर्मा गौचर, अप्सरा अंशारी आदि मौजूद थे।

## सुर संध्या 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' आयोजित



**संदेश न्यूज। कोटा.** श्रावणी तीज मेला महोत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित 11 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शुक्रवार को सुर संध्या मिले सुर मेरा तुम्हारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नई प्रतिभाओं को मंच दिया गया था। गायकों ने रिमझिम बरसती बारिश के बीच शानदार गायकी का जादू बिखेरा। उन्होंने पानी रे पानी तेरा रंग कैसा.. सावन का महीना पवन करे शोर.. धीरज धर ले मन समझाइ ले रे गोरी.. अब के सावन मे झूलेगे हम संग .. सरीखे गीत सुनाते हुए रिमझिम बरसती बारिश में जोश दोगुना कर दिया। इक ऐसी लड़की थी जिसे मैं प्यार करता था गीत को सुनाकर श्रोताओं की आंख नम कर दी। रफी साहब का गीत ₹वादियां मेरा दामन रास्ते मेरी बाहें ... सरीके गीतों ने सभी का दिल चुरा लिया।

मेला अध्यक्ष बसंत भरावा तथा सह संयोजक राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि ऐसी प्रतिभाएं जिन्होंने कभी सार्वजनिक मंच पर प्रस्तुतियां नहीं दी ऐसी छुपी प्रतिभाओं को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवसर प्रदान करते हुए मेले में भव्य मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का फिल्मों के मशहूर सावन के गीतों पर ज्यादा जोर रहा। सावन के गीतों को सुनकर सभी श्रोता साथ में झूमते गाते दिल से सराहना करते रहे।

मेला सहसंयोजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि सभी कलाकारों ने रफी, मुकेश एवं लता के सुपरहिट गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर मेले के कार्यक्रम में आए।

मेला अध्यक्ष बसंत भरावा एवं संयोजक श्याम भरावा, सुनीता भरावा रूपाली भरावा, अलका दुलारी जैन कर्मयोगी, लक्ष्मी नारायण गर्ग ने सभी जजों को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आज के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम, महापौर मंजू मेहरा, पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी को प्रशस्ति पत्र वितरित कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि संगीत प्रेमी डॉ. विजय सरदाना, डॉ. एसडी शर्मा और एनके गुप्ता, अतिथि राजीव नायर, दिनेश शर्मा पैथोलॉजी लैब प्रभारी राम मंदिर चिकित्सालय का माल्यार्पण करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# आदिवासी दिवस पर संगोष्ठी, शोभायात्रा और पौधारोपण

**विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई संस्थाओं की ओर से हुए कार्यक्रमों में संगोष्ठी, शोभायात्राएं एवं पौधारोपण हुए। यहां शहरवासियों और अतिथियों ने आदिवासियों के योगदान को याद किया। आदिवासियों के उत्थान के लिए होने वाले प्रयासों में सहयोग का संकल्प लिया।**







**संदेश न्यूज। कोटा.**

विश्व आदिवासी दिवस पर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के मुख्य आतिथ्य में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में आदिवासियों के योगदान को यादकर पौधारोपण किया गया एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि यह गौरव की बात है कि विश्व का पहला आदिवासी विश्वविद्यालय कोटा में है और कोटा की स्थापना भी कोटिया भील द्वारा की गई है। उन्होंने कहा आदिवासी समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति के सहयोग से इस विश्वविद्यालय का इतना भव्य निर्माण हुआ है जो इस बात का साक्षी है कि आज आदिवासी समाज भी समाज एवं विकास की मुख्य धारा से जुड़कर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा यह सब की जिम्मेदारी है कि सब अपनी क्षमता अनुसार सहयोग कर आदिवासियों के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा इस बार के बजट में आदिवासियों के विकास के लिए भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उनको आत्मनिर्भर बनाएंगे। शाहाबाद से विधायक ललित मीणा ने कहा कि यह विश्वविद्यालय आदिवासी समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे सभ्यता, संस्कृति की सुरक्षा के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार परक कोर्स के माध्यम से आदिवासी युवाओं को राष्ट्र के विकास से जोड़ा जाए ताकि भारत का हर वर्ग, जाति, समूह विकसित हो सके।

एसीईओ राजेश मीणा ने कहा इस विश्वविद्यालय का निर्माण बहुत उच्च मानकों पर किया गया है एवं वह दिन दूर नहीं जब इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करने के लिए विश्व एवं भारत के हर कोने से छात्र आएंगे और इसमें शिक्षा ग्रहण करके गर्व महसूस करेंगे। मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आरडी मीणा ने बताया कि इस विश्वविद्यालय को सभी समाज एवं जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। कोटा की पूर्व जिला प्रमुख कमला मीणा ने कहा की यह विश्वविद्यालय मात्र आदिवासी समाज के लिए ही नहीं बल्कि हाड़ौती क्षेत्र के सभी छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक स्वर्गीय अमृतलाल मीणा के आकस्मिक निधन पर मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## शोभायात्रा का डब्ल्यूसीआरईयू ने किया स्वागत व संगोष्ठी आयोजित




**संदेश न्यूज। कोटा.** विश्व आदिवासी दिवस पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन द्वारा संगोष्ठी यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई तथा शोभायात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया। सहायक महामंत्री नरेश मालव ने बताया कि आदिवासी मीणा समाज उत्थान समिति द्वारा आज विश्व आदिवासी दिवस पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसका यूनियन कार्यालय के सामने सहायक महामंत्री नरेश मालव एवं सहायक मंडल सचिव बी.एन.शर्मा के नेतृत्व में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर.पी.मीणा, कमलेश मीणा, दीपक राठौर, आशिष कटारा, राजीव, गजेन्द्र, राकेश सहित अनेक यूनियन कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर यूनियन के बोर्ड रूम में संगोष्ठी भी हुई। जिसमें ऑल इण्डिया रेलवे मैन्स फैडरेशन की जोनल सेक्रेट्री कॉमरेड चम्पा वर्मा ने कहा कि पूरे विश्व में स्वदेशी नागरिक दिवस एवं विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। संगोष्ठी में सभी ने संकल्प लिया कि वे मूल आदिवासी तथा स्वदेशी नागरिकों के उत्थान हेतु हर प्रयास करेगें।

## एससी,एसटी, ओबीसी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ का आयोजन

**संदेश न्यूज। कोटा.** अखिल राजस्थान एससी,एसटी, ओबीसी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त महासंघ कोटा के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा सुबह 10 बजे राजा कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मनोहरलाल मीणा ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में एमबीएस अस्पताल अधीक्षक डॉ.धर्मराज मीणा, डॉ.चंद्रशेखर सुशील, उपमहापौर पवन मीणा, भाजपा देहात एससी मोर्चा जिला सयोजक रामरतन बैरवा, प्रदेशउपाध्यक्ष कमलेश मंडावत, संयुक्त सचिव रामस्वरूप वर्मा, संघटन सचिव सूरजकरण बड़गोत्या, संभागीय अध्यक्ष घनश्याम मीणा, संभागीय महासचिव नवरत्न सिंह केरो रहे।

## आदिवासी मीणा समाज छात्रावास में संगोष्ठी और वृक्षारोपण

**संदेश न्यूज। कोटा.** आदिवासी मीणा समाज छात्रावास, छत्रपुरा में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोटा संभाग के मीणा समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपमहापौर पवन मीणा उपस्थित रहे। लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए आदिवासी समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज देश की संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कोटा संभाग के मीणा समाज के अध्यक्ष, राम स्वरूप मीणा ने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। बैरवा मीणा समाज विकास समिति के अध्यक्ष, वी.पी. मीणा ने युवाओं से पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

## निषादराज से लेकर काली बाई तक भीलों का इतिहास स्वर्णिम : संदीप शर्मा

**संदेश न्यूज। कोटा.** राजस्थान भील समाज विकास समिति कोटा शाखा द्वारा विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने महर्षि गौतम सामुदायिक भवन से कोटिया भील सर्किल तक रैली निकली। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि आजादी से पहले और आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में हमारे भील आदिवासी भाईयों का उल्लेखनीय और अभूतपूर्व योगदान रहा है। विधायक शर्मा शुक्रवार को विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित भील समाज के विराट कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। वहां भील सरदार कोटिया भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद वृक्षारोपण भी किया गया। सभा में भील समाज के जिलाध्यक्ष रामलाल, जिला संरक्षक गिरिराज, प्रदेश सलाहकार शिवचरण, कालूलाल, डॉ.घनश्याम सिंह, मुकेश, सोनू, कैलाश, सुरेन्द्र, पूर्व पार्षद रामलाल, पार्षद रतन बाई, महावीर, रामदास, नीरज, सूरज, दिनेश, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन की पुषपवर्षा

**संदेश न्यूज। कोटा.** कुन्हाड़ी मंडल में अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस पर आदिवासी समाज द्वारा नहर के बालाजी स्थित थर्मल चौराहे से कोटा गढ़ तक जुलूस निकला। जैन ने थर्मल चौराहे पर जुलूस पर पुषपवर्षा की। जुलूस समाप्ति पर भील समाज बंधुओ द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। प्रभू भील, महेश कुमार, मदन भील, रितिक सहित समाजबंधु उपस्थित रहे।

## विधिक जागरूकता शिविर

**संदेश न्यूज। कोटा.** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा एवं हाड़ौती आदिम जनजाति विकास समिति, अदिवासी जनजाति अधिकार मंच, अखिल भारतीय कौशिक गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत बोराबास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भैरूपुरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटा की सचिव गीता चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समुदाय की महिलाओं एवं बच्चों को जीवन में शिक्षा के महत्व को बताते हुआ कहा कि शिक्षा जीवन की मूलभूत आवश्यकता उसी प्रकार से है जिस प्रकार से एक इंसान के लिए रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि आदिवासी के हितार्थ अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकार मान्यता) अधिनियम, 2006 पारित किया गया है। इस कानून की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह कानून जमीन और संसाधनों पर वन्य समुदायों के अधिकारों को मान्यता न देने के कारण उनके साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने के लिए पारित किया गया है।

मंच संचालन यज्ञदत्त हाड़ा, संचालक अखिल भारतीय कौशिक गायत्री परिवार द्वारा किया गया। अदिवासी जनजाति अधिकार मंच के सचिव रणसिंह गरसिया एवं आदिवासी महिलाओ प्रियंका सेन, सुगना, पाना पाई, सुनीता द्वारा भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

## कुलपति प्रो. एसके सिंह की राज्यपाल बागड़े से भेंट

**संदेश न्यूज। कोटा.** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के.सिंह ने नवनियुक्त राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े से शिष्टाचार भेंट की। उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर प्रो.सिंह ने राज्यपाल को आरटीयू की वर्तमान एवं आगामी कार्य योजनाओं से अवगत कराया। भेंटवार्ता के दौरान प्रो. सिंह ने कहा कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय राजस्थान प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार, समन्वित विकास, कुशल अकादमिक प्रबंधन, विद्यार्थिओं के चहुंमुखी कौशल विकास और सर्वश्रेष्ठ अकादमिक दक्षता के निर्माण के साथ त्वरित विकास की लक्ष्य पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है, जिससे फलस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर गुणात्मक माहौल विकसित हुआ है। तकनीकी शिक्षा के सशक्तिकरण, विश्वविद्यालय के सुद्धढ़ीकरण, संस्थागत उत्कृष्टता, विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन के साथ राजस्थान में तकनीकी शिक्षा के आधारस्तंभ के रूप में आरटीयू निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। अकादमिक उत्कृष्टता और राजस्थान प्रदेश में प्रौद्योगिकी के वैश्विक माहौल के निर्माण के साथ राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय प्रदेश में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे हमारे युवा विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं और प्रदेश की तकनीकी शिक्षा ने राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट ख्याति अर्जित की हैं।



प्रारूप-10
[नियम 6 (7) देखिए]

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका पिड़ावा जिला झालावाड़**

क्रमांक : नपापि./भू.रूपा./2024/1159-1160 दिनांक : 7/8/2024

**लोक सूचना**

श्री उमाशंकर पाटीदार पुत्र श्री विष्णुप्रसाद पाटीदार निवासी पिड़ावा एवं महेश प्रसाद पाटीदार पुत्र सुरज प्रकाश पाटीदार निवासी दित्याखेडी द्वारा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | नाम आवेदक | खसरा सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| झालावाड़/पिड़ावा | मीरपुरा | श्री उमाशंकर पाटीदार पुत्र श्री विष्णुप्रसाद पाटीदार निवासी पिडावा एवं श्री महेश प्रसाद पाटीदार पुत्र श्री सुरज प्रकाश पाटीदार निवासी दित्याखेडी | ग्राम मीरपुरा के खसरा नं. 38 एवं 39 पेकि (आवासीय प्रयोजन हेतु) | 0.5438 हैक्टैयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 7.8.2024 को जारी की गयी।

**- प्राधिकृत अधिकारी का नाम और मुहर, नगर पालिका पिड़ावा**

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक :- 2863 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 26/7/2024

आवास संख्या 2-एम-2 रगंबाडी, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच.एल. कुलश्रेष्ठ को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच. एल. कुलश्रेष्ठ के नाम दिनांक 22.03.1999 को किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पुत्र श्री एच.एल. कुलश्रेष्ठ की मृत्यु दिनांक 30.07.2009 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती सुधारानी की मृत्यु दिनांक 21.09.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसों में सुश्री रीतू कुलश्रेष्ठ पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) आलेखित कर दिनांक 17.02.2021 को अपनी बहिन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के पक्ष में किया गया। श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-एम-2 रगंबाडी, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया। अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/ प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती रचना पुत्री स्व. श्री ओमप्रकाश कुलश्रेष्ठ पत्नी श्री यतीश आचार्य के नाम कर दिया जावेगा।

**- उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत, कोटा**

**इटावा राजीविका महिला सवर्गीन विकास सहकारी समिति लिमिटेड, इटावा**
**(राजस्थान सहकारी समिति अधिनियम 2001 के नियम 6 के तहत पंजीकृत)**
पंजीयन क्रमांक 2897/R
ई-मेल : itawarajeevika@gmail.com दूरभाषन : 9024364274

क्रमांक: एनआरएलएम/क्लस्टर संगठन इटावा/2024-25/ दिनांक: 07.08.2024

इटावा, सांगोद, सुल्तानपुर, लाडपुरा, खेराबाद ब्लॉक के इटावा, खातोली, कनवास, गड़ेपान, अलनिया, अरण्डखेडा, खेराबाद क्लस्टरों में राजीविका महिला सर्वागीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को उन्नत कृषि और पशु पालन कार्य क्रम।

| पद | कुलपद | योग्यता |
|---|---|---|
| ARP (Agriculture) (कृषि संसाधन व्यक्ति) | 6 | 1.कृषि संकाय से 12[th] BSC (agri.) को प्राथमिकता<br>2. अनुभव वाले को प्राथमिकता<br>3. आयु 18 से 45 वर्ष<br>4. स्वयं सहायता समूह सदस्य को प्राथमिकता<br>5. बाइक रजिस्ट्रेशन, स्वयं का दो पहिया वाहन ड्राइविंग लाइसेंस के स्वप्रमाणित प्रति। |
| LRP(Livestock) Resourse Person पशुधन संदर्भ व्यक्ति | 6 | 1. वेटनरी कोर्स + 12 वीं (एलएसए)<br>2. अन्य बिंदु उपरोक्तानुसार। |

के तहत निम्नलिखित पदो पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है

- **आवेदन जमा करने का स्थान :** इटावा राजीविका महिला सवांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, पंचायत समिति (इटावा)
- आवेदन : पत्र 350 रु. शुल्क के साथ इटावा क्लस्टर पंचायत समिति इटावा में जमा करें।

**नोट:** इस में पदों की संख्या कम या ज्यादा की जा सकती है

**संपर्क नंबर:** रामधारा मीणा (क्लस्टरमेनिजर) मो. 9024364274, रेखा कुशवाह (AC) मो. 6376029164, दुधिमल मीणा (AC) 9079828463

**आवेदन की अंतिम तिथि : 21.08.2024**

धनकवर बाई, अध्यक्ष
राजीविका महिला सर्वगिंण विकास सहकारी समिति लि. इटावा

**SHRICON Industries Ltd.**

पंजीकृत कार्यालयः 112–बी, शक्ति नगर, कोटा (राज.) – 324009
CIN: L15100RJ1984PLC040606, दूरभाष नं.: 0744–3559282
वेबसाइटः www.shricon.in, ई–मेलः investor.shricon@gmail.com

**समाप्त तिमाही 30.06.2024 के सीमित समीक्षाएँ वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2024 | समाप्त तिमाही 30.06.2023 | गत साल की समाप्त तिमाही के आंकड़े 31.03.2024 | गत साल की वित्तीय परिणाम के आंकड़े 31.03.2024 |
|---|---|---|---|---|
| | लेखा अपरीक्षित | लेखा अपरीक्षित | लेखा अपरीक्षित | लेखा परीक्षित |
| प्रचालन से कुल आय | 19.48 | 23.53 | 21.95 | 57.42 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण/कर और/या असाधारण मद्दो से पहले) | 18.72 | 18.88 | 1.21 | 87.07 |
| अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मद्दो के बाद) | 18.73 | 18.86 | 1.20 | 87.05 |
| अवधि के लिए कर और/या असाधारण मद्दो के बाद से शुद्ध लाभ/(हानि) | 18.73 | 18.86 | 1.20 | 87.05 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 18.73 | 18.86 | 1.20 | 87.05 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 124.00 | 124.00 | 124.00 | 124.00 |
| पिछली वर्ष की ऑडिट बैलेंस शीट में दिखाए अनुसार रिजर्व (रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर) | – | – | – | – |
| आय प्रति शेयर (रू.10/- प्रत्येक) (बेसिक और डायलूटेड) | 1.51 | 1.52 | 0.10 | 7.02 |

1. 30 जून, 2024 की तिमाही के वित्तीय परिणामों का सीमित समीक्षा की गई है।
2. उपरोक्त परिणाम, लेखापरीक्षा समिति द्वारा विधिवत समीक्षा की गई और 09 अगस्त, 2024 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की गई।
3. उपरोक्त समाप्त हुई तिमाही 30.06.2024 लेखा सीमित परीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत स्वरूप का एक संक्षिप्त स्वरूप है जो सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण की आवश्यकता) नियमन 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर की गई है लेखा सीमित परीक्षित वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप समाप्त तिमाही 30.06.2024 के लिए स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.shricon.in) पर उपलब्ध हैं।

दिनांकः 09.08.2024
स्थानः कोटा

श्रीकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
ओम प्रकाश माहेश्वरी
निदेशक
DIN-00185677